Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding Need to set up sports stadiums in Sandila and Bilhaur in Misrikh parliamentary constituency, Uttar Pradesh-laid.

*__श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख):__ मेरा संसदीय क्षेत्र मिश्रिख, जनपद सीतापुर (उत्तर प्रदेश) एक अति पिछड़ा हुआ अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र है और इस क्षेत्र में सीतापुर, हरदोई और कानपुर जनपदों के क्षेत्र आते हैं । मेरे क्षेत्र में युवाओं की काफी अधिक संख्या है और उनकी खेलकूद में विशेष रूचि है । अतः मेरा अनुरोध है कि मेरे क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों की युवा प्रतिभा को आगे लाने के लिए संडीला और बिल्हौर में 'खेलो इंडिया कार्यक्रम योजना' के अंतर्गत स्टेडियम की स्थापना की जाए ताकि क्षेत्र के युवा निजी रूप से सरकार के आभारी रहेंगे ।
धन्यवाद सहित ।